राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

बिहार लोक भवन, पटना–800022

संख्या–43/2026

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने महावीर जयंती के अवसर पर बिहारवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी

पटना 30 मार्च, 2026 :– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने महावीर जयंती के पावन अवसर पर समस्त बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी ने सत्य, अहिंसा, त्याग, संयम और अपरिग्रह जैसे उच्च जीवन मूल्यों का संदेश दिया और मानवता को शांति व करुणा का मार्ग दिखाया। उनके जीवन और विचार हमारे लिए प्रेरणास्रोत हैं।

राज्यपाल ने कहा है कि हमें भगवान महावीर स्वामी द्वारा बताये मार्ग पर चलकर सभ्य, शांतिपूर्ण एवं समतामूलक समाज के निर्माण का संकल्प लेना चाहिए।

....